भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 3873
दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

100 प्रतिष्ठित स्थलों की साफ-सफाई

3873. श्री प्रभात झाः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा एक बहु-हितधारक पहल की गई है जिसके अंतर्गत देश भर में अवस्थित ऐसे 100 स्थलों की साफ-सफाई पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है, जो अपनी धरोहर, धार्मिक एवं सांस्कृतिक अहमियत की बदौलत प्रतिष्ठित स्थल माने जाते हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस कार्य को कई चरणों में पूरा किया जाना नियत है तथा प्रथम चरण का कार्य अभी जारी है और शीघ्र पूरा किया जाना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) से (घ) सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक बहु हिस्सेदारी वाली पहल "स्वच्छ ऑयकॉनिक स्थान (एसआईपी)" परियोजना शुरू की है जिसमें देश के 100 स्थानों की सफाई पर बल दिया गया है जो अपने इतिहास, विरासत और धार्मिक और/ अथवा सांस्कृतिक महत्व के कारण महत्वपूर्ण 'ऑयकॉनिक' हैं जहां ज्यादा सैलानी आते हैं। परियोजना में सभी सरकारी तथा निजी सेक्टर स्तरों पर केन्द्रीय, राज्य तथा स्थानीय हिस्सेदारों का सक्रिय तालमेल शामिल है। इस पहल के पहले तथा दूसरे चरण में कुल 20 स्थानों को चुना गया है जहाँ कार्यान्वयन प्रगति पर है।